प्रभात खबर

West Singhbhum News : कार से 225 लीटर नकली शराब जब्त, चालक गिरफ्तार

मनोहरपुर. मनोहरपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से सोमवार रात पुलिस ने एक कार से 225 लीटर अवैध शराब जब्त किया. पुलिस ने इस मामले में जमशेदपुर के करनडीह निवासी एस वेंकट रमन को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया. मनोहरपुर के डीएसपी जयदीप लकड़ा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि अवैध शराब की तस्करी की जा रही है. सूचना पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. पुलिस को रात एक बजे एक कार आती दिखी. कार को रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन चालक गाड़ी से उतरकर भागने लगा. पुलिसकर्मियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया. वाहन की तलाशी लेने पर वाहन के अंदर से 25 कार्टून शराब बरामद किया गया. चालक ने पूछताछ में बताया कि यह शराब जमशेदपुर के कीताडीह निवासी राजेश प्रसाद की है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/west-singhbhum/25-cartons-of-alcohol-seized